# अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (एसएलएसएससी) की बैठक

## प्रदेश में जल जीवन मिशन में 675 पेयजल परियोजनाएं मंजूर

## 1290 गांवों में 3 लाख 38 हजार 919 घरों को मिलेगा घर पर नल कनैक्शन

जयपुर, 26 मई। जल जीवन मिशन (जेजेएम) अन्तर्गत राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (एसएलएसएससी) की बैठक अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) श्री सुधांश पंत की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जेजेएम के तहत 675 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। इन स्वीकृत परियोजनाओं के तहत प्रदेश के 1290 गांवों में 3 लाख 38 हजार 919 घरों को नल से जल कनैक्शन दिए जाएंगे।

एसीएस श्री पंत ने बताया कि बैठक में प्रदेश के 1136 गांवों के लिए क्षेत्रीय परियोजनाओं सहित 674 सिंगल विलेज एवं स्माल मल्टी विलेज स्कीम को मंजूरी दी गई, इनसे 2 लाख 49 हजार 166 हर घर नल कनैक्शन दिए जाएंगे। इसी प्रकार मेजर प्रोजेक्ट्स के तहत बीकानेर जिले में नोखा के 154 गांवों और ढाणियों को इंदिरा गांधी नहर परियोजना आधारित सतही जल स्रोत से जोड़ने के लिए एक मल्टी विलेज स्कीम स्वीकृत की गई, इससे 89 हजार 753 हर घर नल कनैक्शन दिए जाएंगें।

श्री पंत ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री की 2021-2022 की बजट घोषणा के अनुरूप ईसरदा बांध के द्वितीय चरण में अलवर जिले के 1118 गांव एवं चार कस्बों तथा जयपुर जिले के 1429 गांवों एवं 7 कस्बों की डीपीआर बनाने के लिए एक करोड़ 2 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा सर्वे एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के 7 अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई, इस पर 859.39 लाख रुपये व्यय होंगे। इसके तहत पाली जिले के बाली ब्लॉक में 25 गांवों और 113 ढ़ाणियों में 7407 हर घर नल कनैक्शन, जोधपुर जिलें में बारू-सिहरा-रानेरी पेयजल आपूर्ति योजना में 25 गांवों और 63 ढाणियों में 3959 हर घर नल कनैक्शन,

झुंझुनू के सूरजगढ़ एवं उदयपुरवाटी में 284 गांवों में 93 हजार 783 हर घर नल कनैक्शन, पाली जिले में रोहट ब्लॉक के 81 गांवों में 21 हजार 466 हर घर नल कनैक्शन, प्रतापगढ़ के धरियावाद और छोटी सादड़ी में 327 गांवों में 55 हजार 301 हर घर नल कनैक्शन, उदयपुर जिले के 11 ब्लॉक के 1150 गांवों में 2 लाख 1 हजार 94 हर घर नल कनैक्शन तथा बांसवाड़ा जिले के 6 ब्लॉक के 330 गांवों में 59 हजार 132 हर घर नल कनैक्शन के प्रस्ताव शामिल है।

एसीएस ने बताया कि बैठक में उदयपुर संभाग के छः जिलों में गुणवत्ता प्रभावित 229 आबादियों में 64 करोड़ 92 लाख 53 हजार की लागत से 228 आरओ प्लांट स्थापित करने को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत, चितौड़गढ़ में 61, डूंगरपुर में 5, प्रतापगढ़ में 130, राजसमंद एवं बांसवाड़ा में 6-6 तथा उदयपुर में 20 आरओ प्लांट लगाए जाएंगें।

बैठक में वीसी के माध्यम से भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा मुख्य अभियंता (ग्रामीण) श्री आरके मीना, मुख्य अभियंता (विशेष प्रोजेक्ट्स) श्री दिलीप गौड़, मुख्य अभियंता (तकनीकी) श्री संदीप शर्मा, मुख्य अभियंता (जोधपुर) श्री नीरज माथुर, वित्तीय सलाहकार एवं प्रमुख लेखाधिकारी श्री ललित वर्मा, डब्ल्यूएसएसओ के निदेशक श्री मनीष बेनीवाल तथा अतिरिक्त मुख्य अभियंता (ग्रामीण) श्री महेश जांगिड़ भी जुड़े।

------